## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 07.11.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **डी.आर.पब्लिक इण्टर कॉलेज की छात्राओं द्वारा कालू कुआं चौराहे पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति आम-जनमानस को किया गया जागरूक। अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से कराया गया अवगत।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में यातायात माह नवंबर के अंतर्गत जनपद में होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा यातायात नियमों के प्रति आम-जनमानस को जागरुक करने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 07.11.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक के नेतृत्व में कालू कुआं चौराहे पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डी.आर. पब्लिक इंटर कॉलेज की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। छात्राओं ने अपने अभिनय से यह समझाया कि बिना ड्राइविंग लाइसेन्स के वाहन न चलाने, बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाने, ओवर स्पीड में वाहन न चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने तथा अपनी लेन में चलने आदि के संबंध में जागरुक किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि "सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा है", अतः प्रत्येक नागरिक को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बिना हेलमेट व्यक्ति को 'हेलमेट गिफ्ट' करने की परंपरा अपनाई जानी चाहिए, ताकि सुरक्षा का संदेश हर घर तक पहुंचे। उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। कार्यक्रम में कॉलेज के अध्यापकगण, अध्यापिकाएं, यातायात प्रभारी श्री संजय कुमार मिश्रा मय टीम तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।